आकाशवाणी चंडीगढ़

24 मई 2025, समय 1810

समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नीति आयोग की शासी परिषद की बैठक में राज्यों से वैश्विक मानकों के अनुरूप कम से कम एक पर्यटन स्थल विकसित करने को कहा।
- हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने युवा पीढ़ी को महर्षि कश्यप के बताए मार्ग पर चलते हुए समाज में फैली बुराइयों को मिटाने का आहवान किया है।
- हरियाणा सरकार ने अपने कर्मचारियों के लिए आदर्श ऑनलाइन स्थानांतरण नीति की घोषणा की ।
- श्रीलंका में आयोजित एशियाई मुक्केबाजी प्रतियोगिता में हरियाणा की बेटियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए देश को गौरवान्वित किया।

********************************************************************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यों से कहा है कि वे वैश्विक मानकों के अनुरूप प्रत्येक राज्य में कम से कम एक पर्यटन स्थल विकसित करें और एक राज्य:एक वैश्विक गंतव्य के तहत सभी सुविधाएं और बुनियादी ढांचा प्रदान करें।आज नई दिल्ली में नीति आयोग की दसवीं शासी परिषद की बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि इससे पड़ोसी शहरों का भी पर्यटन स्थल के रूप में विकास होगा।इस वर्ष का विषय है 2047 के लिए विकसित भारत के लिए विकसित राज्य।भविष्य के लिए तैयार शहरों की दिशा में काम करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत तेजी से शहरीकृत हो रहा है। उन्होंने कहा कि यदि केंद्र और सभी राज्य एक साथ आएं और टीम इंडिया की तरह मिलकर काम करें, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। बैठक में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुखू, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और छतीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सहित कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने बैठक में भाग लिया।गवर्निंग काउंसिल ने 2047 के लिए विकसित भारत के लिए विकसित राज्य के दृष्टिकोण पर चर्चा की। यह बैठक देश के सामने आने वाली विकास चुनौतियों पर विचार-विमर्श करने और भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में राज्यों की भूमिका पर आम सहमति बनाने के लिए एक अनूठा मंच प्रदान करती है। बैठक के एजेंडे में उद्‌यमिता को बढ़ावा देने, कौशल बढ़ाने और देश भर में स्थायी रोजगार के अवसर पैदा करने के उपाय भी शामिल हैं। विकसित भारत के लिए विकसित राज्य का विचार राज्यों को राष्ट्रीय प्राथमिकताओं और समयबद्ध लक्ष्यों के साथ जुड़े साहसिक, दीर्घकालिक और समावेशी विजन दस्तावेज़ तैयार करने के लिए प्रेरित करना है।

*************************************************************************************

हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने युवा पीढ़ी को महर्षि कश्यप के बताए मार्ग पर चलते हुए समाज में फैली बुराइयों को मिटाने का आहवान किया है।आज पानीपत में इसराना विधानसभा के गांवों में महर्षि कश्यप जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में बोलते हुए उन्होंनें कहा कि युवा पीढ़ी को महर्षि कश्यप के बताए मार्ग पर चलते हुए समाज में फैली बुराइयों को मिटाने का और अधिक प्रयास करना चाहिए।उन्होंने कहा कि सरकार भी सभी ऋषि-मुनियों और संत महात्माओं की जयंती प्रदेश व जिला स्तर पर सरकारी तौर पर मना रही है। पंचायत मंत्री ने कहा कि संतों से प्रेरणा लेकर कुछ न कुछ समाज के लिए अच्छा करना प्रत्येक समझदार व्यक्ति का कर्त्तव्य है। भारतीय संस्कृति में संत को उन्नायक के रूप में सबसे अधिक महत्व दिया। संतों का मार्गदर्शन शासन तंत्र को भी जनहितैषी तथा लोक कल्याणकारी कार्यों में हमेशा तत्पर रहने की प्रेरणा देता है।

***********************************************************************************

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि 29 मई को करनाल जिले के गांव सालवान में राज्य स्तरीय पर महाराणा प्रताप जयंती मनाई जाएगी कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने कहा कि पृथ्वी राज चौहान महान योद्धा थे तथा शब्दभेदी बाण चलाने में निपुण थे। पृथ्वी राज चौहान व वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत हैं।इसी दौरान करनाल जिले में आयोजित होने वाले वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती समारोह के आयोजक असंध के विधायक योगेंद्र राणा ने चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि इस समारोह में भारी संख्या लोगों के पहुंचने की उम्मीद है। पंजाब, हरियाणा, हिमाचल, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश व राजस्थान से यहां आने वाले लोगो का स्वागत गावों की पंचायतों व सर्व समाज के लोग करेंगे।

***********************************************************************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह **11** बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की **122**वीं कड़ी होगी। आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन मोबाइल ऐप पर यह कार्यक्रम सीधे प्रसारित होगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू-ट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी से हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद मन की बात कार्यक्रम क्षेत्रीय भाषाओं में प्रसारित होगा।

***********************************************************************************

हरियाणा सरकार ने अपने कर्मचारियों के लिए आदर्श ऑनलाइन स्थानांतरण नीति की घोषणा कर दी है। इस नीति का मकसद सरकारी कर्मचारियों का निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से तर्कसंगत वितरण सुनिश्चित करना है। यह नीति नियमित आधार पर कार्यरत सभी कर्मचारियों पर लागू होगी। **50** से कम कर्मचारियों के काडर में इस नीति को लागू करना विभागाध्यक्ष के अधिकार क्षेत्र में होगा।तबादले के लिए **80** अंकों का मेरिट स्कोर होगा। जिसमें **60** अंक आयु के तथा विशेष परिस्थितियों के लिए अधिकतम **20** अंक मिलेंगे। सभी महिलाओं को **10** अंक मिलेंगे। विशेष श्रेणी के तहत **40** साल से अधिक उम्र की अविवाहित महिलाओं, विधवाओं, तलाकशुदा या न्यायिक तौर पर अलग हुई महिलाओं को **10** अंक मिलेंगे।

तलाकशुदा या न्यायिक रूप से अलग, विधुर, जिसने पुनर्विवाह नहीं किया है और जिसके पास एक या अधिक नाबालिग बच्चे या अविवाहित बेटियां हैं, ऐसे पुरुषों को 10 अंक मिलेंगे। गंभीर बीमारियों से ग्रस्त कर्मचारियों या उनके जीवनसाथी, अविवाहित बेटे या बेटी को 10 अंक मिलेंगे। शत-प्रतिशत दिव्यांग या मानसिक रूप से कमजोर बच्चों वाले कर्मचारियों को 10 अंक मिलेंगे। दिव्यांग कर्मचारियों को 40 प्रतिशत से अधिक अक्षमता पर 20 अंक तक मिलेंगे। नई नीति के अनुसार तबादलों की पूरी प्रक्रिया को 15 दिन के भीतर पूरा कर लिया जाएगा।

****************************************************************************************

श्रीलंका में 16 से 24 मई 2025 तक आयोजित हुई एशियन अंडर-22 बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भारत की बेटियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए देश को गौरवान्वित किया है। इस प्रतियोगिता में फरीदाबाद की माही सिवाच ने 46-48 किलोग्राम भारवर्ग में कजाकिस्तान की अकबोटा बोलत को फाइनल में हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं, प्लस 81 किलोग्राम भारवर्ग में भारत की पायल जाखड़ को फाइनल में कजाकिस्तान की टोकटासिन एसिल से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने रजत पदक जीतकर भारत के लिए एक और उपलब्धि जोड़ी।फरीदाबाद की डबुआ कॉलोनी निवासी माही सिवाच एक होनहार बॉक्सर हैं, जो पहले भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई मेडल जीत चुकी हैं। उनके पिता देवेंद्र सिवाच और माता मुनेश कुमारी ने माही को हर कदम पर प्रेरित किया।दूसरी ओर फरीदाबाद निवासी पायल जाखड़ ने भी बेहतरीन प्रदर्शन किया। उनके पिता मनोज कुमार और माता रेखा देवी की प्रेरणा से पायल ने राष्ट्रीय स्तर पर कई पदक जीतकर अपनी पहचान बनाई है। यह उनका पहला बड़ा अंतरराष्ट्रीय पदक है, जिसने उनके करियर को नई उड़ान दी है।

*************************************************************************************

प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'सार्थक अभियान' कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग के प्रबंध निदेशक रिपुदमन सिंह ढिल्लो ने आज फरीदाबाद में समीक्षा बैठक की और बीके अस्पताल के द्वितीय तल पर नव-निर्मित आठ बेड वाले आईसीयू वार्ड का शुभारंभ किया। उद्घाटन के दिन ही आईसीयू वार्ड में तीन मरीजों को भर्ती किया गया। श्री ढिल्लो ने बताया कि सरकार का लक्ष्य प्रदेश के प्रत्येक जिले में बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। इसी दिशा में 'सार्थक अभियान' चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत विभिन्न जिलों में उप निदेशक स्तर के अधिकारी स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं। निरीक्षण के दौरान पाई गई खामियों को जल्द दूर करने के निर्देश भी दिए गए।उन्होंने कहा कि बीके अस्पताल में गंभीर मरीजों को बेहतर उपचार देने के लिए आठ बेड का आधुनिक आईसीयू वार्ड शुरू किया गया है।

****************************************************************************************

साइबर ठगी के एक बड़े मामले में फरीदाबाद के NIT साइबर थाना पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ़्तारी एक शिकायत के आधार पर की गई, जिसमें फरीदाबाद के सेक्टर-21C निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि उसे एक अनजान नंबर से व्हाट्सएप कॉल आई। कॉल करने वालों ने खुद को मुंबई क्राइम ब्रांच का अधिकारी बता कर आरोप लगाया कि उसके आधार कार्ड का इस्तेमाल कर केनरा बैंक में एक फर्जी खाता खोला गया है, जिसमें जेट एयरवेज के मालिक से जुड़ी धोखाधड़ी की राशि स्थानान्तरित हुई है।